# NEWS LETTER

## February 2021

# M.P. STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY
# JABALPUR

# Court Based Legal Services

# Mediation

## Online Dispute Resolution

## "Community Mediation Training"

### "Online Mediation Training of volunteers "Kshatriya Community"

### (03.02.2021-12.02.2021)

The occasion of Online Community Mediation Programme for 20 Hrs taken up under the aegis of MP SLSA with the approval of the Main Mediation Monitoring Committee is a very important step towards encouraging access to mediation. The programme commenced through online mode today extending to participants of Muslim Community in 08 districts viz. Jabalpur, **Gwalior, Bhind, Morena, Khandwa, Indore, Jabalpur, Bhopal, Shivpuri and Ujjain.**

Mediation as very important alternate dispute resolution mechanism earlier confined to the offices of the Legal Services Institutions will now be accessible at the level of the community through volunteers trained to resolve disputes within the society and thereby settle the conflicts at grass root level. The confidentiality of the mediation process offers avoidance of hostility, restoration of trust between people and with procedural flexibility offers parties to arrive at win-win formula.

The topics of the programme included negotiation, bargaining, overcoming impasse and drafting of agreements and training imparted by Ms. Giribala Singh, Member-Secretary MPSLSA & Mr. Rajiv Karmahe- Secretary, HCLSC Jabalpur while as resource person Ms. Neena Khare and Dr. O.P. Raichandani Psychiatrist, Medical College Jabalpur also shared their valuable inputs.

The valedictory session was attended by the Secretaries of DLSA who shall be responsible for extending logistic support & assistance apart from monitoring activities of these centres. The trained volunteers of the community shall set up Community Mediation Centres at the community level and resolve disputes amicably.



**Online Training to Members of Kshatriya Community**

# Online Dispute Resolution
# "Community Mediation Training"
## "Online Mediation Training of volunteers "Bengali Community"
## (18.02.2021-27.02.2021)

Online Community Mediation Programme for 20 Hrs taken up under the aegis of MP SLSA with the approval of the Main Mediation Monitoring Committee extending to participants of Bengali Community from district **Jabalpur** concluded on 27.02.2021.



TheHitavada
Jabalpur City Line | 2021-02-28 | Page- 4
ehitavada.com

**MPSLSA holds online community mediation**

■ Legal Correspondent

ONLINE Community Mediation Programme for 20 hours taken up under the aegis of MPSLSA with the approval of the Main Mediation Monitoring Committee extending to participants of Bengali Community from district Jabalpur concluded on Saturday.

Mediation a very important alternate dispute resolution mechanism earlier confined to the offices of the legal services institutions will now be accessible at the level of the community through volunteers trained to resolve disputes within the society and thereby settle the conflicts at grass root level. The confidentiality of the mediation process offers avoidance of hostility, restoration of trust between people and with procedural flexibility offers parties to arrive at win-win formula.

The topics of the programme included negotiation, bargaining, overcoming impasse and drafting of agreements and training imparted by Giribala Singh, Member-Secretary MPSLSA and Rajiv Karmahe, Secretary, HCLSC, Jabalpur, while as resource person Arti Sharma and Dr O P Raichandani Psychiatrist, Medical College Jabalpur, also shared their valuable inputs. During the session law interns were also imparted basic mediation orientation skills. The valedictory session was attended by the Secretary of DLSA Jabalpur Sharad Bhamkar, who shall be responsible for extending logistic support & assistance apart from monitoring activities of these centres. The trained volunteers of the community shall set up Community Mediation Centres at the community level and resolve disputes amicably.

The programme concluded with the singing of the national anthem.

Powered by Bharati Web Pvt Ltd

Mediation a very important alternate dispute resolution mechanism earlier confined to the offices of the Legal Services Institutions will now be accessible at the level of the community through volunteers trained to resolve disputes within the society and thereby settle the conflicts at grass root level. The confidentiality of the mediation process offers avoidance of hostility, restoration of trust between people and with procedural flexibility offers parties to arrive at win-win formula.

The topics of the programme included negotiation, bargaining, overcoming impasse and drafting of agreements and training imparted by Ms. Giribala Singh, Member-Secretary MPSLSA & Mr. Rajiv Karmahe- Secretary, HCLSC Jabalpur while as resource person Ms. Arti Sharma and Dr. O.P. Raichandani Psychiatrist, Medical College Jabalpur also shared their valuable inputs. During the session Law intern students were also imparted basic mediation orientation skills.

The valedictory session was attended by the Secretary of DLSA Jabalpur Shri Sharad Bhamkar who shall be responsible for extending logistic support & assistance apart from monitoring activities of these centres. The trained volunteers of the community shall set up Community Mediation Centres at the community level and resolve disputes amicably.



**Online Training to Members of Bengali Community**

# *Success Stories of Mediation and Pre Litigation Mediation*

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ

मध्यस्थता प्रकिया के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट झाबुआ के न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण कमांक को मध्यस्थता हेतु रेफर किया गया। जिसमें दिनांक 23.12.2019 को माधवपुरा पुलिस थाना झाबुआ में आरोपीगण ने फरियादी को गाली–गलोच कर मारपीट करके जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस थाना झाबुआ द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर अन्वेषण पश्चात् न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले को मध्यस्थता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ को रेफर कर भेजा गया। जहां से विशेष न्यायाधीश को मध्यस्थता हेतु मामला भेजा गया। मध्यस्थता केन्द्र में फरियादी एवं आरोपीगण की सुहल–समझौता वार्ता कराई गई। उभयपक्षों को पृथक–पृथक एवं संयुक्त रूप से राजीनामा हेतु समझाईस दी गई। जिसके उपरांत पक्षकारों ने आपस में भाई बंदी एवं पड़ोसी का रिश्ता बताते हुये एक–दूसरे को गले लगाकर भविष्य में शांतिपूर्वक रहने और सद्भाव कायम रखने का वचन दिया एवं सफल मध्यस्थता द्वारा मामले का निराकरण किया गया।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास

जिला प्राधिकरण देवास द्वारा लगाए जा रहे विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से जागरूक होकर एक आवेदिका ने स्वयं उपस्थित होकर मध्यस्थता केन्द्र देवास में अपने पारिवारिक विवाद के निराकरण हेतु वादपूर्व मध्यस्थता अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया। सचिव जिला प्राधिकरण देवास द्वारा उक्त मामले में अनावेदकगण को वादपूर्व मध्यस्थता हेतु सूचना पत्र जारी किए गए। आवेदक पक्ष की ओर से महिला एवं उसकी माता तथा अनावेदक पक्ष की ओर से महिला का पति, ससुर एवं जेठ उपस्थित हुए। दोनों पक्षों के उपस्थित होने पर मध्यस्थ द्वारा वाद–पूर्व मध्यस्थता के अंतर्गत मध्यस्थता की कार्यवाही की जाकर दोनों पक्षों के साथ एकल एवं संयुक्त बैठकें आयोजित की गई। मध्यस्थ द्वारा लगभग दो साल से अलग रह रहे पति–पत्नी को उनके आपसी एवं परिजनों के मनमुटाव को दूर कर एक साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया, जिसके फलस्वरूप दोनों पति–पत्नी ने संयुक्त रुप से अपने एवं परिजनों के मध्य उत्पन्न विवाद को भुलाकर साथ रहने का निर्णय किया एवं पति अपनी पत्नी एवं बच्चे को साथ लेकर खुशी–खुशी अपने घर गए।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम

आवेदिका श्रीमती रजिया अली पति श्री जोएब अली बोहरा द्वारा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। आवेदिका द्वारा बताया गया कि जुजर पिता श्री असगर अली बादशाह द्वारा बाजना बस स्टेण्ड पर अली एल्यूमिनियम फेब्रीकेशन के नाम से संचालित दुकान का किराया आवेदिका को नियमानुसार भुगतान नहीं कर रहा है। आवेदिका द्वारा किराया मांगने पर भी किराया नहीं दे रहा है तथा आवेदिका को गुमराह कर रहा है। आवेदिका द्वारा कई बार उक्त दुकानदार को दुकान खाली करने के लिए भी कहा गया पर वह दुकान खाली नहीं कर रहा है, न ही किराया दे रहा है। जिससे आवेदिका द्वारा विवश होकर पारिवारिक विवाद समाधान केंद्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम में उपस्थित होकर अपना आवेदन प्रस्तुत किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर कार्यवाही की गई। जिस पर कार्यवाही स्वरूप अनावेदक को सूचना पत्र भेजकर इस कार्यालय में बुलाया गया। उसने व्यक्त किया की किराया आवेदिका के पति श्री जोएव अली स्वयं को मकान मालिक बताकर प्राप्त कर रहे हैं। आवेदिका के पति ने भी स्वतः उपस्थित होकर किराया प्राप्त करना स्वीकार किया। पति–पत्नी में विवाद होने से आवेदिका के स्वत्व के आधार पर उभयपक्षों को समझाया गया तथा नवीन किरायानामा लिखवाकर 4500/–मासिक किराये के लिए अनुबंध कराया गया। उभयपक्ष उक्त राजीनामे से संतुष्ट एवं सहमत है तथा भविष्य में इस राजीनामे का पालन करेंगे। इस प्रकार एक मकान मालिक तथा किरायेदार के मध्य उत्पन्न विवाद का मध्यस्थता द्वारा स्वैच्छया एवं परस्पर समझौते से वैकल्पिक विवाद समाधान तकनीक द्वारा संतुष्टिपूर्वक समाधान किया गया।



# शुभारंभ - सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र
## पासी समाज - बुरहानपुर





# Mediation Awareness Programme

### DLSA JABALPUR

A mediation Programme was organised on 18 february in DLSA Jabalpur. In this programme principal judges of family courts, Secretary, Dlsa and DLAO and many of law students were present.



Trained mediators addressing to law students

In this programmme participants were apprised about the process of Mediation, difference between Pre-litigation and Mediation in Court annexed matters. Apart from above the questions raised by the students were answered by Secretary DLSA.

# Glimpses of Mediation Awareness Programme



DLSA SHIVPURI



DLSA CHHATARPUR




DLSA HOSHANGABAD




DLSA RAJGARH



DLSA MANDLESHWAR



DLSA NARSINGHPUR




DLSA BURHANPUR



DLSA DAMOH



DLSA DEWAS



DLSA MANDLA




DLSA BALAGHAT

# Lok Adalat Programmes

**Permanent and Continuous Lok Adalat** through hybrid mode was scheduled on **27.02.21** at the High Court and District Court level.

***Disposal at Dist. Court Level***

| No. of cases taken up | Number of cases disposed | Settlement Amount | Benefitted persons |
|---|---|---|---|
| 7144 | 2161 | 320551527/- | 4793 |

## Preparation of National Lok Adalat dated 10.04.21











नेशनल लोक अदालत का 10 अप्रैल को

प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से करें निराकरण

## Success Story on Public Utility Services

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी

जिला सिवनी के डिवाइन कैरेक्टर पब्लिक स्कूल द्वारा दसवीं के छात्रों के टीसी के संबंध में वर्ष भर की फीस मांगी गई, जिस संबंध में छात्रों ने लोकोपयोगी सेवाओं के लिए स्थायी लोक अदालत में आवेदन प्रस्तुत किया गया। लोकोपयोगी सेवाओं के लिए स्थाई लोक अदालत द्वारा सर्वसम्मति से स्कूल संचालक द्वारा बरती गई इस लापरवाही के संबंध में आदेश पारित किया गया।

उक्त प्रकरण में 10वी कक्षा के छात्र शुभम सनोडिया एवं छात्र ओम कनौजिया द्वारा जानकारी दी गई थी कि वे कक्षा दसवीं के पूर्व से डिवाइन कैरेक्टर पब्लिक स्कूल बारापत्थर सिवनी में अध्ययनरत थे। उनके द्वारा कक्षा दसवीं का अध्ययन भी उसी स्कूल से किया तथा फीस का भुगतान भी वही किया। छात्रों ने बताया जब वे 10वीं की अंकसूची लेने डिवाइन करैक्टर पब्लिक स्कूल गए तब उन्हें यह जानकारी प्राप्त हुई कि डिवाइन करेक्टर पब्लिक स्कूल के पास कक्षा 9वी एवं 10वी की मान्यता नहीं है। इसलिए उनके द्वारा दसवीं की परीक्षा ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल डूंडासिवनी से दिलाई गई थी। उन्हें अंकसूची एवं टीसी ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल से लेने के लिए कहा गया। छात्र जब अपनी टीसी और अंकसूची लेने के लिए ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल पहुंचे तो वहां के संस्था संचालक द्वारा कक्षा दसवीं की पूरी फीस राशि 8500 रुपये की मांग की गई जबकि वे पूर्व में डिवाइन स्कूल को साल भर की फीस का भुगतान कर चुके थे।

लोक अदालत द्वारा पब्लिक स्कूल सिवनी को निर्देशित किया कि वह छात्र शुभम सनोडिया और ओम कनौजिया को शीघ्र ही उनकी मूल अंकसूची व स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रदान करें। साथ ही ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल सिवनी को निर्देशित किया कि वह आवेदक शुभम सनोडिया एवं ओम कनौजिया के साथ परीक्षा देने वाले सभी 20 छात्रों में से जिस भी छात्र की अंकसूची व स्थानांतरण प्रमाण पत्र को छात्र द्वारा मांगने के बावजूद अवैधानिक रूप से रोक रखी है उसे पात्र छात्र को अभिलंब प्रदान करें। वही ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल सिवनी को यह भी निर्देशित किया कि वह केवल फीस अवशेष होने या वैमनस्यता के आधार पर छात्र के चरित्र के संबंध में कोई भी विपरीत टिप्पणी स्थानांतरण प्रमाण पत्र में दर्ज ना करें। साथ ही अनावेदक 1 व 2 को संयुक्ततः या पृथकतः छात्र शुभम सनोडिया एवं ओम कनौजिया में से प्रत्येक को 5000 रुपये का प्रतिकर भुगतान करें। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी को भी निर्देशित किया गया कि आवेदक छात्रों की वर्तमान शिक्षण संस्था को सूचित करें की ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल से स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्ति तक आवेदकों को प्रवेश शिक्षा तथा परीक्षा से वंचित न करें।

# Victim Compensation Scheme

## DLSA JABALPUR

### Dlsa Helps in getting compensation to mother

Aplicant Laxmi Rajak, who lost her son, received compensation of Rs 2 Lakh by the District Legal Services Authority, Jabalpur under the M.P. Crime Victim Compensation Scheme 2015. Brief facts of the case are that In the Year 2016, 24 year old Rahul was murdered by the accused persons. The case was registered by police station Madan Mahal and file the chargesheet under Section 302 of IPC before the Court. The accused was convicted by the court of the Additional Sessions Judge, Jabalpur, the deceased was unmarried and her mother Lakshmi Rajak was dependent on him. She was going through financial crisis after the murder of deceased. The member of Jabalpur District Advocates Association brought her to the office of Distirict Legal Services Authority and filed an application before DLSA under MP Crime Victim Compensation Scheme 2015. After inquiry The committee awarded the compensation of Rs 2 lakh.





बेसहारा माँ को चार साल बाद मिला 2 लाख रुपए प्रतिकर

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास

जिला प्राधिकरण देवास द्वारा जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष की अध्यक्षता में दिनांक 30 जनवरी 2021 को जिला न्यायालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा म.प्र. अपराध पीडित प्रतिकर योजना 2015 के अंतर्गत हत्या, बलात्कार, पॉक्सो अधिनियम, एवं एसिड हमले के पीड़ितों से संबंधित कुल 13 प्रकरणों में अपराध पीड़ितों को कुल 38,25,000/— रूपये की राशि प्रतिकर स्वरूप दिए जाने की अनुशंसा की गई।


अपराध पीड़ितों के पक्ष में 38 लाख 25 हजार रुपये के प्रतिकर आदेश पारित


देवास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपराध पीडितों के पक्ष में 38 लाख 25 हजार रूपये के प्रतिकर आदेश पारित


देवास दर्पण

देवास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपराध पीड़ितों के पक्ष में 38 लाख 25 हजार रु. के प्रतिकर आदेश पारित

# Glimpses of Awareness Camps & Inspection in the Jails




DLSA HOSHANGABAD



DLSA DEWAS






DLSA JABALPUR



DLSA SAGAR



DLSA MANDSAUR



DLSA NARSINGHPUR



DLSA PANNA



DLSA SHIVPURI



DLSA SHEOPUR

# Media News…..


जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित
बंदियों को उनके अधिकार व कानूनी आचार के बारे में किया साक्षर
अंतिम सजा होने के बाद भी खुला है माफी का विकल्प
कोई भी जन्म से अपराधी नहीं होता
कोई जन्म से अपराधी नहीं होता: मिश्रा
जिला जेल में बंदियों के लिए जागरुकता शिविर आयोजित
दीर्घ अवधि कारावास से दंडित बंदियों को बताए उनके विधिक अधिकार
Sun, 14 February 2021
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/58505366

# Panch 'J'

## Preserving Our Beautiful Blue Planet

*A Cleanliness and Conservation Campaign on the banks of Maa Narmada*

On 21.02.2021, under the guidance of Hon'ble the Patron-in-Chief & Executive Chairman, Madhya Pradesh State Legal Services Authority, a Cleanliness, Conservation and Awareness Campaign was initiated cumulatively in 15 Districts of M.P. through which the river flows. The target was to commence a cleanliness and awareness operation at the " Ghats" situated on the bank of the river & also to mobilize the local residents, NGO's, Students, local bodies etc. towards maintaining the purity of the river water.

The campaign started sharp at 11:00 am in all the 15 Districts i.e, Jabalpur, Anuppur, Mandla, Dindori, Narsinghpur, Hoshangabad, Mandleshwar, Khandwa, Harda, Dewas, Raisen, Sehore, Dhar, Alirajpur and Barwani by cleaning the banks and ghats of River. Officers & officials of Legal Services Authorities, Judges of District Judiciary, Officers from Revenue department, officials from local Nagar Palika, Students of Legal Aid Clinics established under Law and other colleges and NGOs were present.

The holy River Narmada also called as Reva or Narmada is located in Madhya Pradesh & Gujarat. It would not be an exaggeration if it be called "Life line" of our state looking at its huge contribution in many ways. But due to mass bathing and chemical wastage the physicochemical analysis of river, water clearly shows that water quality is deteriorating day by day. Therefore conservation and preservation of the river becomes one of the topmost priority.

This excellent expression of optimism reminds us that even small things have mighty impact. The entire initiative was based on promoting the thought that with the intent of protection of the environment, we must create a place where the environment doesn't need protection at all.

During the said campaign, shopkeepers at "Ghaat" were advised to maintain hygiene around their shops and also make the people aware about this. Certain districts have also registered petitions under the Public Utility Services, where it has been found that institutions have been pouring their sewage and waste material

directly into the river without effective water treatment.

The Legal Services Authorities across the M.P. will review the campaign by regular monitoring of Narmada cleanliness after this campaign with help of college students from Legal Aid Clinics.




Member-Secretary flagging of the River Cleanliness Campaign




Member-Secretary SLSA along with Chairman DLSA Jabalpur and other officials cleaning Gwari Ghat Jabalpur

## GLIMPSES FROM DLSAs






**DLSA ALIRAJPUR**







**DLSA ANUPPUR**





**DLSA BARWANI**





## DLSA DHAR





## DLSA DEWAS




## DLSA DINDORI






## DLSA HOSHANGABAD






## DLSA KHANDWA





## DLSA HARDA






**DLSA NARSINGHPUR**





**DLSA MANDLA**





**DLSA MANDLESHWAR**





## DLSA SEHORE





## DLSA RAISEN

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ

जिला प्राधिकरण झाबुआ द्वारा दिनांक 25.02.2021 को शिवगंगा ग्राम गुरूकुल संस्था धरमपुरी जिला झाबुआ में "पंच–ज" अभियान अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। "पंच–ज" अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ के द्वारा जल, जंगल, जमीन, जन और जानवर के संतुलित पर्यावरणीय विकास की अवधारणा के आधार पर प्रकृति संरक्षण के लिये कार्य किया जा रहा है जिसमें वृक्षारोपण, नदीयों एवं तालाबों की साफ–सफाई एवं जल संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग, पशु–पक्षियों की सुरक्षा एवं उनके तथा उनकी बीमारियों के लिये टीकाकरण/उपचार आदि प्रकृति संरक्षण के कार्यो के संबंध में शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। धरमपुरी शिवगंगा आश्रम में आस–पास के गांव के नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं, आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण एवं प्रवर्तन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में नालसा एवं राज्य प्राधिकरण की योजनाओं के संबंध में ब्रोशर्स का भी वितरण किया गया। उक्त शिविर में 7 महिलाएं एवं 78 पुरूष लाभांवित हुए।





शिवगंगा आश्रम धरमपुरी में पंच-ज शिविर लगाया, अपर जिला न्यायाधीश ने कहा

### प्रकृति के संरक्षण से ही मानव का अस्तित्व है

भास्कर संवाददाता | झाबुआ

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिवगंगा समग्र ग्राम विकास आश्रम धरमपुरी में पंच-ज जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम जिला जज राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। अध्यक्षता पद्मश्री महेश शर्मा ने की।

पंच-ज अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ द्वारा जल, जंगल, जमीन, जन और जानवर के संतुलित पर्यावरणीय विकास की अवधारणा के आधार पर प्रकृति संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसमें पौधारोपण, नदियों एवं तालाबों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग, पशु-पक्षियों की सुरक्षा एवं उनके तथा उनकी बीमारियों के लिए टीकाकरण/उपचार आदि प्रकृति संरक्षण के कार्यों के संबंध में शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला न्यायाधीश राजेश देवलिया ने कहा मानव जीवन के अस्तित्व के लिए प्रकृति का संरक्षण आवश्यक है। यदि नदी, तालाब, वृक्ष, पशु-पक्षियों पर संकट आए तो निश्चित ही मानव जीवन खतरे में पड़ जाएगा। पद्मश्री शर्मा ने कहा झाबुआ जिला एवं उससे आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन जल संरचनाएं एवं तालाब निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जिससे प्रकृति संरक्षण बना रहे एवं लोगों को खेती-बाड़ी और पशुओं के लिए जल की पर्याप्त मात्र उपलब्ध रहे। शिविर में नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण एवं प्रवर्तन के संबंध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर समाजसेवी बहादुरसिंह डामोर, नितिन धाकड़, जिला विधिक सहायता अधिकारी मुकेश कौशल मौजूद थे। संचालन शिवगंगा ग्राम गुरुकुल संस्था के प्रबंधक राजाराम कटारा ने किया।

शिवगंगा आश्रम पर पहुंचे अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।



### प्रकृति के संरक्षण से ही मानव का अस्तित्व है : देवलिया

झाबुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय झाबुआ की ओर से 25 फरवरी को शिवगंगा समग्र ग्राम विकास आश्रम धरमपुरी में प्पंच-जज जागरूकता शिविर का आयोजन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अपर जिला जज, सचिव राजेश देवलिया के निर्देशन में तथा पद्मश्री महेश शर्मा अध्यक्ष शिवगंगा ग्राम गुरूकुल संस्था धरमपुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्पंच-जज अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जल, जंगल, जमीन, जन और जानवर के संतुलित पर्यावरणीय विकास की अवधारणा के आधार पर प्रकृति संरक्षण के लिये कार्य किया जा रहा है जिसमें वृक्षारोपण, नदीयों एवं तालाबों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग, पशु-पक्षियों की सुरक्षा एवं उनके तथा उनकी बीमारियों के लिये टीकाकरण/उपचार आदि प्रकृति संरक्षण के कार्यों के संबंध में शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। आश्रम में आस-पास के

ग्रामवासियों संबोधित करते हुए अपर जिला न्यायाधीश देवलिया ने कहा कि मानव जीवन के अस्तित्व के लिये प्रकृति का संरक्षण आवश्यक है और यदि नदी, तालाब, वृक्ष, पशु-पक्षियों पर संकट आयेगा तो निश्चित ही मानव जीवन खतरे में पड़ जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये पद्मश्री शर्मा ने कहा कि झाबुआ जिला एवं उससे आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन जल संरचनाऐं एवं तालाब निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिससे प्रकृति संरक्षण बना रहें एवं लोगों को खेती बाड़ी और पशुओं के लिये जल की पर्याप्त मात्र उपलब्ध रहें। शिविर में नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं, आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण एवं प्रवर्तन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा गांव समुदाय में आपसी भाईचारे और शांति से रहने एवं अपराधों से दूर रहने की समझाईश दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बहादुरसिंह डामोर, नितिन धाकड़, जिला विधिक सहायता अधिकारी मुकेश कौशल उपस्थित रहे। संचालन राजाराम कटारा ने किया।

## Legal Services to Children under NALSA Scheme

# Visits of Child Care Institutions

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट

सचिव, जिला प्राधिकरण बालाघाट द्वारा प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड के साथ सावित्री ज्योति बालिका आश्रय गृह, बालाघाट में उपस्थित होकर संस्था का निरीक्षण किया गया एवं बालिकाओं को स्वच्छता के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। शिविर के दौरान बालिकाओं को आवश्यक कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसी प्रकार संस्था स्नेह छाया बालक आश्रय गृह में जाकर संस्था का निरीक्षण किया गया एवं बालकों को शिविर के दौरान कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।



### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम

जिला प्राधिकरण रतलाम द्वारा दिनांक 02.02.2021 बाल संप्रेषण गृह, बिरियाखेड़ी रतलाम का आकस्मिक निरीक्षण एवं तात्कालीक परिस्थितियों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

निरीक्षण में पाया गया कि बाल संप्रेषण गृह, बिरियाखेड़ी रतलाम में निरीक्षण के दौरान 16 विधि विरूद्व बालक निरूद्व पाये गये। निरीक्षण के दौरान सभी विधि विरूद्व बालकों से निरीक्षण टीम द्वारा व्यक्तिगत चर्चा कर उनके प्रकरण की जानकारी, उनके निरूद्व रहने की अवधि तथा उनके खान–पान, सुरक्षा व्यवस्था व उनकी आवश्यकताओं के संबंध में पूछताछ की गई।



# Organising Camp For Children

### DLSA JABALPUR

## To Stop Child Trafficking Legal Awareness Programme was organised on 12 February at Khapa Guara Bargi

Prevent Marriage of children a legal literacy camp was organised on 12th February 2021 at Khapa Guara Bargi Nagar Panchayat.Audience were apprise about laws relating to child marriage, child labour, trafficking etc.






खापा पंचायत में बच्चों से जुड़े मामलों की रोकथाम के लिए लगाया विधिक साक्षरता शिविर

जबलपुर। कच्ची उम्र में शादी रोको जीवन की बर्बादी रोको इस नारे के साथ आज बरगी नगर के ग्राम पंचायत खापा ग्वारी में बच्चों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण मामले जैसे बाल विवाह बाल मजदूरी यौन शोषण चाइल्ड ट्रैफिकिंग चाइल्ड प्रोटेक्शन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के सचिव शरद भूमकर तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जीलानी के निर्देशन पर ग्राम पंचायत खापा ग्वारी में एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत खापा के सरपंच कुंवर पटेल सचिव विनोद साहू तथा ग्राम रोजगार सहायक शिव कुमार पटेल की उपस्थिति में महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी पैरा लीगल वालंटियर परवेज खान तथा परमानंद कटिया द्वारा ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि अब न्याय पाना बहुत ही सहज और सरल हो गया है ग्रामीण न्यायालय से सीधा जुड़कर लाभ प्राप्त कर सकते है, इसके लिए उन्हें सिर्फ पैरा लीगल वालंटियर की मदद लेनी है। इस अवसर पर मूलचंद पटेल धर्मेंद्र पटेल,गणेश प्रसाद, नरेंद्र पटेल,राजेश्वरी हरदुल या झारिया तथा ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### DLSA NARSINGHPUR

DLSA Narsinghpur organized a camp on 12-02-2021 at Chanakya Vidhyapeeth Narsinghpur in presence of Secretary, DLSA & District Legal Aid Officer Narsinghpur with a team of PLVs on the scheme of NALSA, Child Friendly Legal Services to Children and their Protection. During the camp Secretary has made aware to all present students about the Child Friendly Scheme & other provisions of various laws related to children & their protection specially Pocso, Domestic Voilence & Trafic rules etc. In this camp 60 particiapants were benefitted.








संविधान बच्चों को देश के नागरिक की तरह अधिकार प्रदान करता है

• चाणक्य विद्यापीठ में विधिक साक्षरता शिविर

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन

जिला प्राधिकरण रायसेन द्वारा दिनांक 19.02.2021 को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिला रायसेन में लैंगिक अपराधों का बालकों का संरक्षण एवं **नालसा** (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 के संबंध में एवं जे.जे एक्त विषय पर शिविर का आयोजन किया। शिविर में शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिला रायसेन प्रभारी प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा शिविर में छात्राओं को मैत्रीपूर्ण व्यवहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही शिविर में उपस्थित छात्राओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित और उन्नत साधनों की उपलब्धता के संबंध में बताया। छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच के बारे में भी बताया। उक्तशिविर में लगभग 50 छात्राऍं उपस्थित हुई।



# Glimpses of Camps



DLSA SHIVPURI



DLSA CHHATARPUR



DLSA SHINGRAULI



DLSA BETUL

# Legal Services to Senior Citizen under NALSA Scheme

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा

### 'तेलंगाना से भटकी वृद्धा राजम्मा को पहुंचाया घर'

दिनांक **28.12.2020** को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा की ओर से नियमित मासिक विजिट के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि एक वृद्ध महिला जो कि हिन्दी भाषा नहीं जानती है और अपना नाम व पता भी नहीं बता पा रहीं थी, वह भटक कर रेल से खण्डवा आ गई है और शहर में असहाय और बेबस भटक रहीं थी, जिसकों स्थानीय समाजसेवियों की मदद से वृद्धाश्रम में आश्रय दिया। सचिव जिला प्राधिकरण द्वारा वृद्धाश्रम के अन्य वृद्धों से चर्चा करने पर जानकारी लगी कि वह वृद्धा तेलगु भाषा में कुछ बता रही है। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा आश्रम के संचालक के समन्वय से तेलगु भाषा के जानकार व्यक्ति से सम्पर्क किया गया तथा अपने मोबाईल फोन से वृद्धा एवं तेलगु भाषी व्यक्ति से बातचीत कराई गई एवं मुख्य जानकारी प्राप्त की गई। बातचीत पर से उक्त वृद्धा का नाम **श्रीमती राजम्मा पति मलय, निवासी सिरपुर, कागजनगरम, तेलंगाना राज्य** ज्ञात हुआ। वृद्धा के बारे में यह जानकारी भी पता चली कि कागजनगरम् में उसके किसी रिश्तेदार ने उसको जबरन रेल में बैठा कर वहॉ से भगा दिया था। वृद्धा को हिम्मत एवं दिलासा दिलाई गयी कि विधिक सेवा संस्था द्वारा उसे पुनः उसके घर तेलंगाना राज्य पहुंचा दिया जाएगा। वृद्धा जो कि बदहवाश एवं असहाय हो चुकी थी, उसे पुनः आशा की नई किरण मिल गई।



सीड संस्था द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के प्रबंधक द्वारा दिनांक 06.01.2021 को प्रातः 10 बजे आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर उसी दिन प्रातः 11:40 बजे की ट्रेन से वृद्धा राजम्मा को उसे अपने घर कागजनगर, मलचरियाल, राज्य तेलगांना पहॅुचाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा में प्रस्तुत किया गया। उक्त आवेदन पर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के सचिव द्वारा हैदराबाद (तैंलगाना) पदस्थ न्यायिक अधिकारी से सम्पर्क कर उक्त वृद्धा के घर वापसी हेतु सहयोग एवं समन्वय के लिए चर्चा की गईं। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने आवेदन–पत्र में उल्लेखित तात्कालिक परिस्थितियों की अतिसंवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल सकियता के साथ बुजुर्ग महिला राजम्मा को



लगभग देढ़ घंटे बाद जाने वाली ट्रेन से भिजवाने हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दी। उक्त के संबंध में सचिव जिला प्राधिकरण के निर्देशन में स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट एवं रेलवे चाईल्ड लाईन से समन्वय स्थापित किया गया तथा वृद्धा राजम्मा को खण्डवा से ट्रेन द्वारा तेलंगाना राज्य भेजने हेतु एक टीम तैयार की गई। उक्त टीम में रेलवे चाईल्ड लाईन, खण्डवा के कोर्डिनेटर श्री दीपक लाड़ को आदेशित किया गया तथा रेलवे न्यायालय एवं आरपीएफ से सहयोग प्राप्त किया गया। रेलवे चाईल्ड लाईन की दो मेंबर्स की टीम द्वारा वृद्धा राजम्मा को अपने संरक्षण में लेकर खण्डवा से तेलंगाना राज्य के कागजनगरम के लिए नियत समय पर रवाना हुए। लगभग 24 घंटों से अधिक की यात्रा के पश्चात् टीम मेंबर्स उक्त बुजुर्ग महिला श्रीमति राजम्मा को लेकर कागजनगर पहुंची। वहॉ आरपीएफ, स्थानीय प्रशासन की मदद से महिला राजम्मा को उसकी छोटी बहन लक्ष्मी मॉ को खोजा गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाई पूर्ण कर उनके संरक्षण में उनके गांव गोलेटी, जिला असीफाबाद, तेलंगाना में सुपुर्द कर दिया गया।



**वृद्ध महिला राजम्मा को रेल्वे चाइल्ड लाइन ने पहुंचाया अपने घर**

खंडवा वृद्ध महिला उम्र लगभग 65 वर्ष खंडवा स्टेशन पर उतरी और अपने घर वापस जाना भूल गई एवं उक्त महिला को केवल तेलुगु भाषा का ही ज्ञान था और उसे हिन्दी नहीं आती थीए इस कारण से महिला से बात करने में काफी परेशानी आई। इस संबंध में जब रेल्वे चाइल्ड लाईन खंडवा को जानकारी लगी तो रेल्वे चाइल्ड लाईन के को.आर्डिनेटर श्री दीपक लाड़ ने सिस्टर एमिनी से उक्त जानकारी से अवगत करायाए तो उनके द्वारा निर्देशित किया कि उक्त महिला को सकुशल उनके घर भेजने संबंधी कार्यवाही करेंए इसके लिये रेल्वे चाईल्ड लाईनए खंडवा हरसंभव सहायता देगा।

तत्पश्चात् जिला विधिक सेवा प्राधिकरणएखंडवा एवं रेल्वे चाईल्ड लाईनए खंडवा के संयुक्त सहयोग से खंडवा में फंसी वृद्ध महिला राजम्मा एवं तेलुगु भाषा जानकार व्यक्ति को बुलाकर उसके घर का पता लगाया और उक्त महिला को ट्रेन के माध्यम से दिनांक 06ण्01ण्2021 को सुरक्षित घर भेजने की व्यवस्था की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमान हरिओम अतलसिया एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चंद्रेश मंडलोई के द्वारा रेल्वे चाईल्ड लाईन खंडवा के को.आर्डिनेटर श्री दीपक लाड़ के समन्वय से महिला को रेल्वे चाईल्ड लाईन खंडवा के टीम मेंबर श्री निखिल सावले एवं वालेंटियर श्री सोनू एकाले के द्वारा महिला को ट्रेन से घर भेजा गया एवं महिला को अपने घर सुरक्षित पहुंचाने में खंडवा शहर की सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री निवेदिता तिवारी की भी अहम भूमिका रही एवं सुश्री निवेदिता के द्वारा कागज नगर के लोकल एनजीओ से बात कर महिला राजम्मा के परिजन को खोजा गया और महिला से मिलाया गया।

इस प्रकार एक वृद्ध महिला जिसे हिन्दी भाषा का ज्ञान न होने के बावजूद भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं रेल्वे चाईल्ड लाईनए खंडवा के सहयोग से अपने निवास स्थान पर पहुंचाने में सफलता प्राप्त की। इस पर उक्त वृद्ध महिला द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा द्वारा असहाय, लाचार एवं भटकी हुयी उक्त वृद्ध महिला राजम्मा को खण्डवा से उसके घर कागजनगर, तेलंगाना राज्य वापस सकुशल पहुंचा दिया गया। राजम्मा अपने परिवार के लोगों से पुनः मिल गयी तथा उसकी समस्या का निराकरण हो गया तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ गयी।






## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झाबुआ

जिला प्राधिकरण झाबुआ द्वारा दिनांक 11.02.2021 को ग्राम पंचायत पिटोल बडी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिटोल जिला झाबुआ में वृद्धजनों एवं महिला सशक्तिकरण पर विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किया गया। उक्त शिविर में वृद्धजनों के अधिकार, नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना–2016, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, महिला अधिकार, मानव अधिकार, गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण एवं बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में लगभग 140 पुरूष एवं 65 महिलाएं लाभांवित हुये।






**जागरूकता** • ग्राम पंचायत पिटोल बड़ी में हुए कार्यक्रम में अपर जिला न्यायाधीश राजेश देवलिया ने कहा

### वृद्धजन समाज के आभूषण, उनका सम्मान व सुरक्षा हमारा कर्तव्य

**भास्कर संवाददाता** | पिटोल

ग्राम पंचायत पिटोल बडी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिटोल में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ। आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया।

प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला न्यायाधीश राजेश देवलिया पिटोल बड़ी में कहा वृद्धजन हमारे समाज के आभूषण है। उनका सम्मान एवं सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा संविधान में प्रदत्त अधिकारों को प्राप्त करने के लिए कर्तव्यों का निर्वाहन आवश्यक है। इसके अलावा विधिक सेवाएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशा मुक्ति पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा सड़क पर सुरक्षा घटाने के साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति को भी बढ़ावा देता है। अपराध मुक्त सुरक्षित वातावरण के लिए नशा मुक्ति भी जरूरी है। इस दौरान नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा) योजना-2016 अंतर्गत ग्राम पिटोल बडी के 7 वरिष्ठ नागरिकों सुखनंदन, जगदीश नागर, मडिया काका, मांगीलाल, हकला गुंडिया, मंगा काका, सदाशिव नागर का शा-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। पंचायत में उपस्थित ग्रामीणजनों को उप निरीक्षक पुलिस यातायात झाबुआ रामसिंह मालवीय ने 32वां सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत यातायात के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्राम पंचायत पिटोल बडी सरपंच काना गुंडिया ने आभार माना।



वरिष्ठ नागरिकों का पुष्पमाला और शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

**विद्यार्थियों को बताया शिक्षा महत्व** : शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी शिविर लगाया गया। जिसमें प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी ज्ञानेंद्र ओझा ने छात्राओं को शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नेहरू युवा केंद्र झाबुआ प्रीति ने छात्राओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। सहायक पुलिस उपनिरीक्षक अनिता तोमर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के संबंध में चलाए जा रहे जागरूकता एवं सहायता योजना की विस्तार से जानकारी दी। शिविर में अधिवक्ता हरीशचंद्र खतेड़िया ने भी छात्राओं को संबोधित किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिटोल में हुए कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक कमेश बिलवाल ने किया।

# Glimpses of Camps for Senior Citizen



**DLSA SHIVPURI**



**DLSA HARDA**



**DLSA DEWAS**



**DLSA CHHATARPUR**



## वृद्धजन समाज के अभूषण उनका सम्मान, सुरक्षा हमारा कर्तव्य

झाबुआ। गुरूवार को झाबुआ विख की ग्राम पिटोल बड़ी एवं शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिटोल में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेश कुमार गुप्त के मार्गदर्शन एवं प्राधिकरण के सचिव, अपर जिला न्यायाधीश राजेश देवलिया के निर्देशन में किया गया। ग्राम पिटोल बड़ी में उपस्थित ग्रामीजनों को संबोधित करते हुये देवलिया ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज के अभूषण है, उनका सम्मान एवं सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि संविधान में प्रदत्त अधिकारों को प्राप्त करने के लिए कर्तव्यों का निर्वहन आवश्यक है, क्योंकि एक व्यक्ति का अधिकार किसी अन्य व्यक्ति का कर्तव्य होता है और अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक है। जागरूकता ही अधिकारों को प्राप्त करने की कुंजी है। नि:शुल्क विधिक सहायता, महिला अधिकार, मानव अधिकार, गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण एवं बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी। नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा) योजना-2016 अंतर्गत ग्राम पिटोल बड़ी के 7 वरिष्ठ नागरिकों में सुखनंदन, जगदीश नागर, मड़िया काका, मांगीलाल, हकला गुड़िया, मंगा काका, सदाशिव नागर को शॉल, श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। पंचायत में उपस्थित ग्रामीणजनों को उप निरीक्षक पुलिस यातायात रामसिंह मालवीय ने 32वां सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत यातायात के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंत में पिटोल सरपंच काना गुड़िया ने आभार माना। वहीं शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी ज्ञानेन्द्र ओझा ने उपस्थित छात्राओं को शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नेहरू युवा केन्द्र प्रीति ने छात्राओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे आने के लिये प्रेरित किया। सहायक पुलिस उपनिरीक्षक अनिता तोमर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के संबंध में चलाये जा रहे जागरूकता एवं सहायता योजना की विस्तार से जानकारी देकर छात्राओं को किसी परेशानी एवं प्रताड़ना के संबंध में हौसला बढ़ाते हुए अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने की समझाइश दी। शिविर में अधिवक्ता हरिशचंद्र खतेड़िया ने भी स्कूली छात्राओं को भी संबोधित किया। संचालन संस्था के शिक्षक कमेश बिलवाल ने किया।



## वृद्धजन हमारे समाज के अभूषण है ,उनका सम्मान एवं सुरक्षा हमारा कर्तव्य है

सिंघम रिपोर्टर झाबुआ

# नालसा (नशा पीडितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 के अंतर्गत की गई अनूठी पहल



ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए जिला प्राधिकरण के सचिव

जिला प्राधिकरण श्योपुर द्वारा नालसा (नशा पीडितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 के अंतर्गत नशा मुक्ति हेतु एक अनूठी पहल प्रारंभ करते हुए ग्राम नारायणपुरा, जिला श्योपुर में निवासरत व्यक्तियों को नशा से उन्मुक्त कराये जाने हेतु दिनांक 22.01.2021 को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नशा करने वाले व्यक्तियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए शपथ दिलाकर नशा छोडने के लिये प्रेरित किया। जिला प्राधिकरण श्योपुर के पी.एल.व्ही. की एक टीम एवं ग्राम पंचायत के सचिव के द्वारा नशा करने वाले लोगों को सायं 7 बजे इकट्ठा कर मंदिर लाया जा रहा है, तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा श्री रामचरित मानस का पाठ सुनाया जायेगा ताकि वे लोग नशा करने की उस समयावधि में नशा न कर सकें। जिला प्राधिकरण श्योपुर द्वारा प्रारंभ की गई पहल निश्चित ही समाज के विकास में सहायक होकर प्रेरणादायक है। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को उनके जिले में उक्त कार्य को नालसा (नशा पीडितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 के अंतर्गत अभियान के रूप में प्रारंभ करने हेतु निर्देशित भी किया गया है।




ग्राम नारायण पुरा
श्यौपुर के ग्रामीणो से
नशा मुक्त ग्राम किये जाने हेतु चर्चा

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुरहानपुर

जिला प्राधिकरण बुरहानपुर द्वारा दिनांक 04.02.2021 एवं दिनांक 09.02.2021 को नशा मुक्ति पर कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में उपस्थिति प्रशिक्षार्थियों नशा के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी।





## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल द्वारा विश्व केंसर दिवस 04 फरवरी 2021 के अवसर पर बाल संप्रेक्षण गृह, बैतूल में एक विधिक साक्षरता शिविर आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचखण्ड सेवा समिति, बैतूल द्वारा प्रदाय किये गए कैंसर बीमारी में लाभकारी औषधीय पौधा लक्ष्मी तरू को बाल संप्रेक्षण गृह, परिसर में लगाये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल के पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा उक्त पौधे को शहर के अलग–अलग क्षेत्र में लगाये गये है तथा पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा आस–पास के लोगों को इस पौधे की उपयोगिता भी समझायी जा रही है।



# दिव्यांगता से सचलता की ओर

## कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन

**आयोजन दिनांक 10.02.2021 व 11.02.2021**

**स्थान– शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झिंझरी जिला कटनी**

---

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2019 में आयोजित किये गये 05 दिवसीय विशेष वृहद मेडिकल शिविर से प्रेरित होकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा जिला प्रशासन के समन्वय से दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जाने हेतु दिनांक 06.02.2021 से दिनांक 11.02.2021 तक 06 दिवसीय विशेष पंजीयन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर हेतु कटनी जिले के दिव्यांग व्यक्तियों को चिन्हित एवं पहचान किए जाने के संबंध में प्रशासन एवं रेडक्रास संस्था के सहयोग से व्यापक प्रयास किया गया।

उक्त 06 दिवसीय चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में लगभग 2966 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है। इनके लिये माप एवं आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग एवं अन्य उपकरण प्रदान किये जाने हेतु पुनः उन्हीं तहसीलों में लगभग एक माह पश्चात् (पुराने शिविर स्थल पर) शिविर का आयोजन किया जावेगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के प्रयास से मेडिकल कॉलेज जबलपुर में महावीर संस्थान जयपुर द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जाने हेतु स्थाई केन्द्र की स्थापना की गई है। अतः उपरोक्त शिविर के पश्चात् भी जिन दिव्यांगजनों का पंजीयन नहीं हो पाया है, वे सीधे राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की हेल्प लाइन नं. 15100 से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कराते हुए लाभ उठा सकते है। शिविर में सम्मिलित होने वाले छात्रों एवं आम नागरिकों को उनकी समस्या अनुसार अलग–अलग पंक्तियों में बिठाया गया, तत्पश्चात् अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, मानसिक बाधित, श्रवण बाधित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर उनको लगाये जाने वाले कृत्रिम अंगों की माप की गयी।

शिविर के माध्यम से लाभांवित हुए व्यक्तिगण की जानकारी निम्नानुसार है :–

| चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में उपस्थित छात्रों एवं आम नागरिकों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | दिव्यांगता का प्रकार | चिन्हित छात्रों की संख्या | चिन्हित आम नागरिकों की संख्या | कुल |
| 1. | दृष्टि बाधित | 348 | 254 | 602 |
| 2. | श्रवण बाधित | 347 | 125 | 472 |
| 3. | मानसिक बाधित | 455 | 201 | 656 |
| 4. | अस्थि बाधित | 547 | 689 | 1236 |
| **कुल महायोग** | | **1697** | **1269** | **2966** |





# Legal Services to Disaster Victims under NALSA Scheme

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीधी

जिला प्राधिकरण सीधी द्वारा दिनांक 16.02.2021 को सीधी की तहसील रामपुर नैकिन के ग्राम पटना शारदा में यात्री बस के नहर में गिरने की हुई दुर्घटना घटित हुई, जिसमें जिला प्राधिकरण के निर्देशन में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति रामपुर नैकिन के अध्यक्ष द्वारा दुर्घटना में बचे हुई लोगों से स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क किया गया एवं स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन को जीवित एवं घायल व्यक्तियों की हर संभव सहायता करने के लिये निर्देशित किया गया। जिला सीधी तथा तहसील विधिक सेवा समिति चुरहट/मझौली/रामपुर नैकिन के पी.एल.व्ही. द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के मृतक एवं घायल व्यक्तियों के परिवारों से संपर्क किया गया, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई तथा जरूरतमंद परिवारों के राहत राशि फार्म भरवाये जाने में सहायता की गई।



# Legal Services to Mentally ill and Mentally Disabled Person under NALSA Scheme

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायसेन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा दिनांक 17.02.2021 को जिज्ञासा समाज कल्याण पुर्नवास केन्द्र में **नालसा (मानसिक रूप से अस्वस्थ्य एवं निर्योग्य व्यक्तियों को विधिक सेवाऐ) योजना 2010** के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।

सचिव, जिला प्राधिकरण रायसेन द्वारा शिविर में बच्चों को मैत्रीपूर्ण व्यवहार के संबंध में तथा गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी दी, साथ ही साफ–सफाई से रहने एवं पढ़ाई व चित्रकला हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे सभी बच्चों को कोरोना महामारी से बचाव हेतु मास्क लगाने एवं साबुन से हाथ धोने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किये जाने हेतु कहा गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा जिज्ञासा समाज कल्याण समिति की साफ–सफाई एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया गया।



# Legal Services to Labour under NALSA Scheme

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास

जिला प्राधिकरण देवास द्वारा दिनाँक 18.02.2021 को श्रम विभाग देवास के सहयोग से आयशर कंपनी औद्योगिक क्षेत्र देवास में विशेष साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पब्लिक लायबिलिटी इंश्योरेंस एक्ट 1991, पब्लिक लायबिलिटी इंश्योरेंस नियम 1991, इन्वार्यमेंट रिलीफ फण्ड स्कीम 2008, श्रम कानूनों, श्रमिकों के अधिकारों एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु लागू श्रम विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।






# एक अनूठी पहल - थर्ड जेंडर को मिली पहचान

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम

जिला प्राधिकरण रतलाम द्वारा दिनांक 08.02.2021 को थर्ड जेंडर के कल्याण हेतु कार्यालय जिला प्राधिकरण में एक बैठक सह शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा उनकी आधार कार्ड संबंधी समस्या एवं उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स के रूप में कार्य करने हेतु थर्ड जेंडर को आवेदन भरने हेतु सुझाव दिया गया। थर्ड जेण्डर के पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा मतदाता कार्ड बनाने हेतु जिला प्राधिकरण पैरालीगल वालेंटियर्स को नियुक्त किया गया।






# NALSA (Victims of Trafficking and Commercial Sexual Exploitation) Scheme, 2015

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

जिला प्राधिकरण नीमच द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की तस्करी और वाणिज्यिक यौन शौषण पीड़ितों के लिये विधिक सेवायें, योजना 2015 के अंतर्गत बांछड़ा समुदाय की बालिकाओं एवं महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में स्थान दिलाने, उनके संरक्षण, संवर्धन एवं सशक्तिकरण हेतु एनजीओ–प्रोजेक्ट मिशन मुक्ति के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि मालवा अंचल के नीमच, मंदसौर और रतलाम जिलों में निवास करने वाले बांछड़ा समुदाय में अपने घर की बहन बेटी से अनैतिक देह व्यापार कराने की परम्परा है। इस बदनुमा दाग को मिटाने की सरकार, शासन, प्रशासन द्वारा तमाम कोशिशें की जा रही हैं किन्तु कुप्रथा, परम्परा, शौक या मजबूरी जैसे कारणों से देह व्यापार के दलदल से निकलने में सफलता हासिल नहीं हुई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा की उपरोक्त योजना अंतर्गत बांछड़ा समाज के युवाओं में हिम्मत पैदा करने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में पिछले दो बरसों में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा देह व्यापार के दलदल में धंसने से बचाई गयी अथवा रेस्क्यू की गई अवयस्क बालिकाओं एवं उनके संरक्षकों को शामिल किया गया।

बांछड़ा समुदाय के बीच सेवा कार्यो के और बदलाव के लिए प्रयासरत एनजीओ मिशन मुक्ति कार्यक्रम के जिला समन्वयक ने समुदाय की व्यावहारिक कठिनाईओं की चर्चा की और रेस्क्यु की गई बालिकाओं को किसी भी सरकारी या प्रायवेट स्कुल में पढाई एवं फीस का सम्पूर्ण खर्च एनजीओ द्वारा वहन किये जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम में उपस्थित इस वर्ग के प्रभावित परिवारों के सदस्यों, मुक्त हुई युवतियों, संरक्षित की गई बालिकाओं, समुदाय के लिए काम करने वाले प्रतिनिधियों, देह व्यापार से परे अच्छी शिक्षा लेकर विभिन्न सेवा से जुड़ी महिला वर्ग प्रतिभाओं से न केवल परिचय लिया गया बल्कि उन्हें अपनी बात रखने का अवसर भी दिया गया। कुछ बालिकाओं ने प्रतियोगी परिक्षाओं



तो कुछ युवतिओं ने पुलिस में भर्ती होकर देश सेवा करने के सपने बताये। जिला प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम में समुदाय की प्रतिभाओं को प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया।






protecting the principles of Gandhi said. the main tunnel itself. sistance and transportation in led blast to drain it. P7

SECOND CHANCE

## Prostitution to mainstream, with inspiration from judges

EXPRESS NEWS SERVICE @ Bhopal

STEPPING out of courtroom, judges in Madhya Pradesh's Neemuch district donned a new hat — that of counsellors — to help the mainstreaming of teenage tribal girls rescued from prostitution.

Pushed into the trade by their own parents, 15 Banchhada tribe girls rescued by social activists and police in 2019 and 2020 had interaction with judges led by District and Session Judge Hridesh during a workshop in Neemuch. Aged between 14 and 17 years, these girls hailed from Neemuch, Mandsaur and Ratlam.

At the workshop organised jointly on Saturday by Neemuch District Legal Services Authority and NGO Project Mission Mukti, these girls were encouraged to take inspiration from the success attained by young women of their own tribe. The parents of the rescued girls were also present.

Flanking them were 25 young tribal women who, after being rescued and rehabilitated, have attained success in diverse professions.

"You and your parents have to decide whether to plunge again into earning easy and quick money or replicate the feats of other girls of your own community who have since taken a different route to make careers in diverse fields, spanning from teaching to nursing and from Aanganwadi workers to police constables," Judge Hridesh told the teenagers.

The Banchhada tribe has for generations pushed its minor girls into highway and roadside prostitution. It has been forcing girls trafficked from other states into prostitution rackets operated from *deras* (makeshift shelters) and illegal dhabas on MP-Rajasthan highway.

"It's the first time that judges have taken time out of busy schedule for helping the girls rescued from prostitution," said advocate Akash Chouhan of the Project Mission Mukti.

# Empowering Women through Legal Awareness Camp




DLSA BURHANPUR



DLSA HARDA





DLSA DEWAS

## News...

# विधिक साक्षरता कार्यशाला में बताए महिलाओं को अधिकार



# वन स्टाप सेंटर में विधिक साक्षरता कार्यशाला आयोजित





# आंगनवाड़ी केन्द्र क्रं. 56 वार्ड-28 में हुआ विधिक साक्षरता [शिवि]र का आयोजन



जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला [विधिक] सेवा प्राधिकरण हरदा श्रीमती शशीकला चंद्रा [के मार्ग]दर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी [अभय] सिंह द्वारा नालसा (तस्करी और वाणिज्यक यौन [शोषण से] पीड़ितो के लिए) विधिक साक्षरता शिविर का [आयोज]न आंगनवाड़ी केन्द्र क्रं. 56 वार्ड क्रंमाक 28 में [किया ग]या। शिविर में जिला विधिक सहायता [अधिका]री द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं नागरिकों को [घरेलू हिं]सा, 125 भरण-पोषण, महिला एवं बच्चों से [संबंधित] अपराध, मोटर वाहन अधिनियम संबंधित [अधिका]रों, दहेज प्रथा, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर [योजना], अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी [प्रदान] की गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण [द्वारा सं]चालित नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह [योजना]ओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की [गई। शि]विर में मध्यस्थता योजना एवं 10 अप्रैल 2021 [को आ]योजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के [संबंध] में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में [आंगनवा]ड़ी कार्यकर्ता सुधा उपाध्याय, पीएलव्ही शिखा [जनोरि]या एवं अशोक सेजकर उपस्थित रहे।

# घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा की दी जानकारी

## ● आंगनवाड़ी केन्द्र में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

अनोखा तीर, हरदा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक से[वा] प्राधिकरण श्रीमती शशीकला चंद्रा के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह द्वारा बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोज[न] वार्ड क्र. 28 के आंगनवाड़ी केन्द्र क्र 56 में किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं नागरिकों को घरे[लू]



हिंसा, 125 भरण-पोषण, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध, मोटर वाह[न] अधिनियम संबंधित अधिकारों, दहेज प्रथा, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, अधिकारों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता ए[वं] सलाह योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। शिविर मे[ं] मध्यस्थता योजना एवं 10 अप्रैल 2021 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में आंगनवा[ड़ी] कार्यकर्ता सुधा उपाध्याय, पीएलव्ही शिखा जनोरिया एवं अशोक सेजकर उपस्थित रहे।

# वन स्टाप सेंटर में विधिक साक्षरता कार्यशाला आयोजित



यूथ अपडेट, बुरहानपुर

मध्य प्रदेश राज्य सेवा विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र एस. पाटीदार के मार्गदर्शन में सचिव/ए0डी0जे0 श्री नरेंद्र पटेल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर द्वारा महिलाओं से संबंधित अधिकारों विषय पर विधिक कार्यशाला का आयोजन वन स्टाप सेंटर, सखी केन्द्र जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में किया गया। विधिक कार्यशाला में वन स्टाप सेंटर प्रशासक श्रीमती रेखा भोंडवे, आयुष्मान योजना जिला समन्वयक स्वास्थ्य विभाग श्री संजय तिवारी, काउंसलर श्रीमती बेला तरकस, श्रीमती रजनी गट्ठानी, श्रीमती मेघा भिड़े, श्रीमती आषा दलाल, पैरालीगल वॉलेंटियर्स निषा कुवादे, केस वर्कर नितिन पानपाटील, आरीफ तड़वी, पिंकी अहीर, शारदा मोरे, केयर टेकर ज्योति वानखेड़े, आषा पाटील पीड़ित पक्षकार व आमजन के साथ-साथ जिला प्राधिकरण जिला न्यायालय के कर्मचारी लोकेष स्वामी, जयकिषोर शुक्ला उपस्थित रहें। उक्त विधिक कार्यशाला में श्रीमती रेखा भोंडवे द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग की जाती है, आश्रय, पुलिस, चिकित्सा, भोजन, आपतकालीन एवं गैर आपतकालीन सुविधा पीड़ित महिलाओं को दी जाती है। महिलाओं को पूर्णरूप से सुरक्षा प्रदान की जाती है। अपर जिला न्यायाधीष श्री नरेन्द्र पटेल ने म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को उनके अधिकार व कानूनी समक्षता के बारे में बताया तथा नि:षुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी।

# वन स्टाप सेंटर में विधिक साक्षरता कार्यशाला का आयोजन हुआ

भास्कर संवाददाता | बुरहानपुर

जिला अस्पताल स्थित वन स्टॉप सेंटर परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिला संबंधी विषय पर कार्यशाला कराई गई। अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र एस पाटीदार के मार्गदर्शन में सचिव व एडीजे नरेंद्र पटेल ने महिलाओं को संबोधित किया। इस दौरान वन स्टाप सेंटर प्रशासक रेखा भोंडवे[,] संजय तिवारी, बेला तरकस, रजनी गट्ठानी, मेघा भिड़े, आशा दलाल[,] निशा कुवादे, नितिन पान पाटील सहित अन्य मौजूद थे।

# मध्यप्रदेश राज्य प्राधिकरण ने प्रत्येक पात्र को आयुष्मान कार्ड दिलवाने का बीड़ा उठाया

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज के हर पात्र व्यक्ति तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी कियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 के अंतर्गत आयुष्मान योजना के प्रभावी कियान्वयन के संबंध में दिनांक 15.02.2020 को समस्त सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अधिकारी श्री सतीश कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सपना एम. लोवंशी, एक्सिक्यूटिव ऑफीसर डॉ. अंशुल एवं अन्य अधिकारीगण के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की गई।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से इस तथ्य पर चर्चा की गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य हेतु विशेष जागरूकता एवं सहयोग अभियान प्रारंभ करेगी। इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों तक योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शिविर, जागरूकता रैली, बैनर आदि माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावेगा।

उक्त अभियान में विधिक सेवा संस्थाओं के अंतर्गत कार्यरत पैरालीगल वालेंटियर्स एवं संबद्ध गैर शासकीय संगठनों का भी सहयोग लिया जावेगा। शीघ्र ही इस अभियान की शुरूआत राज्य स्तर पर की जावेगी।













## आयुष्मान भारत योजना के संबंध में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने वीडियों कांफ्रेंसिंग की बैठक

गुना। आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की सदस्य सचिव गिरिबाला सिंह द्वारा नालसा द्वारा स्वास्थ्य विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ली। बैठक में श्रीमती सिंह द्वारा समस्त अधिकारियों को आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए संगठित प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में आयुष्मान भारत निरामयम मप्र योजना को पावर पॉइन्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से समझाया गया। बैठक में गुना से प्राधिकरण सचिव एके मिश्र, सिविल सर्जन डॉ. हर्षवर्धन जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा, आयुष्मान योजना से जुड़े सतेन्द्र रघुवंशी, कृष्णेन्द्र मिश्रा, सतेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। जबकि जबलपुर से सदस्य सचिव गिरिबाला सिंह, उप सचिव डी.के. सिंह, अरविन्द श्रीवास्तव जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जितेन्द्र धुर्वे एवं भोपाल से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिव व जिला विधिक सहायता अधिकारी ऑनलाईन उपस्थित रहे।

बैठक • राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की सदस्य सचिव ने विधिक अधिकारियों की ली बैठक

## आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाएं

भास्कर संवाददाता | गुना

आयुष्मान भारत योजना के संबंध में मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। इसमें आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की सदस्य सचिव गिरिबाला सिंह द्वारा नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के तहत स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ली।

उक्त बैठक में मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव गिरिबाला सिंह द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी अधिकारियों को आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए संगठित प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में आयुष्मान भारत निरामयमप्र मप्र योजना को पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से समझाया गया।

बैठक में जिला गुना से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एके मिश्र, सिविल सर्जन डॉ. हर्ष वर्धन जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा, आयुष्मान योजना से जुड़े सतेंद्र रघुवंशी, कृष्णेंद्र मिश्रा, सतेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बैठक में मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर से सदस्य सचिव गिरिबाला सिंह, उप सचिव डीके सिंह, अरविंद श्रीवास्तव जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जितेन्द्र धुर्वे एवं भोपाल से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिव व जिला विधिक सहायता अधिकारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।



# Reviving Litigation Free Village Scheme 2000

The Litigation Free Village Scheme 2000 of Madhya Pradesh is now being reinvigorated and on 17.10.2020, 05 villages were inaugurated by the Hon'ble Chief Justice of India through online mode.

Through fruitful action in this direction, presently 152 village have been identified as Litigation Free across the State of Madhya Pradesh and in each of such villages, a Seva Dal has been constituted who will be responsible for effective amicable resolutions at the inception. The concerned DLSA has the responsibility of monitoring of each scheme while the SLSA issue the policy guidelines and monitoring at the State level. The villages so identified will now have legal aid clinic which will serve as hub for extending similar facilities to around 40 surrounding villages. It will be manned by 2 PLVs who will work in coordination with the Seva Dal, the District Administration has also reached out to enhance the existing facilities in the villages so that Gandhian ideal of Swaraj becomes a reality.





## DLSA NARSINGHPUR

Mediation Awareness Programs were organized under Vivad Viheen Gram Yojna at Gram Panchayat Khiriya & Gursi for making a litigation free village **Awariya & Gokla** on 08.02.2021 & 16.02.2021 respectively. During Mediation Awareness Camp at Khriya 07 grievances were resolved by the local administration during the camp & at Gursi Mediation Awareness camp 04 grievances of villagers were received, all were of revenue department, therefore all were forwarded to the Officers present from revenue department during the camp. Response from revenue department is awaited.

In both the Mediation Awareness Program Secretary DLSA, DLAO, Naib Tehsildar Kareli & Members of Vidhik Sewa Dal were present at Gram Panchayats. In both the programs Legal Aid Clinic was established and PLVs were appointed for making the village litigation free. A detailed report of proposed Vivad Viheen Gram Awariya is already been sent to MPSLSA Jabalpur for necessary consideration.



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर

### तहसील विधिक सेवा समिति शुजालपुर

तहसील विधिक सेवा समिति शुजालपुर द्वारा **''विवाद विहीन ग्राम योजना 2000''** का कियान्वयन करते हुए माह तहसील शुजालपुर से 12 कि.मी. दूर स्थित **ग्राम भीमपुरा** को विवाद विहीन ग्राम योजना के लिए चयनित किया गया, तत्पश्चात् उक्त ग्राम के लिए स्थानीय राजस्व विभाग के सहयोग से सेवा दल का गठन किया गया तथा सेवा दल के सदस्यों से वेबिनार के माध्यम से तथा भौतिक बैठकों के माध्यम से ग्राम में लंबित विवादों की जानकारी ली गई। ग्राम में वरिष्ठ ग्रामीणजन, बुजुर्गों एवं पंचों द्वारा समय–समय पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठकें आयोजित की जाती है तथा किसी के मध्य कोई भी विवाद होने पर पुलिस एवं न्यायालय में जाने से पूर्व ही उसका निराकरण आपसी सहमति से राजीनामा से करवा दिया जाता है। अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा ग्रामवासियों को नशा न करने संकल्प दिलाया गया।





**शुजालपुर.कालापीपल.मक्सी**

# कोर्ट की जगह मामले राजीनामा से निपटे तो विवाद मुक्त समाज का निर्माण संभव- वेदी

## भीमपुरा गांव में विवाद विहीन ग्राम योजना अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**भास्कर संवाददाता** | शुजालपुर

कोर्ट की जगह मामले राजीनामा से निपटे तो विवाद मुक्त समाज का निर्माण संभव है। यह बातें न्यायाधीश रूपम वेदी ने शनिवार को भीमपुरा गांव में विवाद विहीन ग्राम योजना अंतर्गत आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में कही।

शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपम वेदी ने उपस्थित ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विवाद विहीन सेवा दल के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि अक्टूबर 2020 में इस ग्राम का चयन विवाद विहीन ग्राम योजना के लिए किया गया और यह ग्राम विवाद विहीन होने से ग्रामीण बधाई के पात्र हैं। न्यायाधीश ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भी यही चाहता है कि कोई भी विवाद न्यायालयों के समक्ष आने से पूर्व मध्यस्थता के जरिए राजीनामा से निपट जाए, जिससे पक्षकार विवादों से बचे रहेंगे व न्यायालयों का समय भी बचेगा। इस दौरान एसडीएम प्रकाश कस्बे एवं तहसीलदार राकेश खजूरिया ने भी ग्रामीणजन को संबोधित किया।





भीमपुरा गांव में विवाद विहीन ग्राम योजना अंतर्गत आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में संबोधित करते अतिथि व उपस्थितजन।

### नशा मुक्त करवाने में सहयोग देने का संकल्प दिलाया

विधिक सेवा से राजकुमार थावानी ने नशा मुक्त करवाने में सहयोग देने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार पंकज पवैया, पटवारी रामसिंह परमार, पंचायत सचिव हेमंत राठौड़, सरपंच रघुवीर राजपूत, स्वयंसेवी कंवरलाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता फूलवती, खूबसिंह कुशवाहा उपस्थित थे। संचालन आत्माराम मीणा एवं प्रबंधन अशोक मीणा ने किया।

## DLSA DAMOH

Legal Aid Clinic has established on 10.02.2021 in Gram Panchayat Hardua Khurd to solve the problems of villagers and provide legal information. According to the scheme of the state authority, Hardua Khurd, a village panchayat, has also been declared as a litigation-free village. In the said camp, Secretary informed about Family Dispute Resolution Center, Pocso Act, rights of tribals. District Legal Aid Officer apprised on Mediation, Dowry Prohibition Act, Domestic Violence, Rights of Women and Children. Sarpanch, Secretary, forest guards and villagers were present in the said camp.








## DLSA JHABUA




## DLSA SEONI

## Media Coverage……

विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर तीनों ग्रामों को विवाद विहीन बनाने ग्रामीणों को दी समझाइश

# माधौपुर, ढौंगाचक व पाली को विवाद हीन ग्राम योजना में जोड़ने का तय किया लक्ष्य

भास्कर संवाददाता | गुना

ग्राम माधौपुर चक, ढौंगाचक एवं पाली में नालसा आदिवासियों के अधिकारों का आदिवासियों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं, योजना 2015 के तहत विधिक साक्षरता शिविरों को आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला न्यायधीश अध्यक्ष राजेश कुमार कोष्टा के निर्देशन में किया गया।

विधिक साक्षरता शिविरों में अपर जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एके मिश्र व जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा द्वारा ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, आदिवासियों के अधिकार, संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार व मौलिक कर्तव्य, मोटर व्हीकल एक्ट, शिक्षा का अधिकार आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की। तीनों ग्रामों को मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विवाद विहीन ग्राम योजना, 2000 से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रमेश डाबर, ग्राम पंचायत डुंगासरा के सरपंच प्रतिनिधि मुनेश धाकड़, सचिव सुरेश धाकड़, सहायक उपनिरीक्षक कृपाण सिंह यादव, रोजगार सहायता अशोक शिवहरे, प्रधान अध्यापक मांगीलाल कुशवाह, शांतिलाल यादव, पीएलवी हेमराज बैरागी सहित ग्राम माधौपुरचक, ढौंगाचक एवं पाली के ग्रामीणजन, शिक्षक उपस्थित रहे।



विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते अपर जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एके मिश्र।

**बनेगा विवाद विहीन ग्राम :** विवाद विहीन ग्राम योजना, 2000 में चयन किए जाने पर प्रक्रिया इन तीनों ग्रामों में निवास कर रहे व्यक्तियों के मध्य कोई विवाद न हो तथा यदि हो तो विवाद को आपसी सूझ-बूझ, सुझाव व समझौते द्वारा निराकृत कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। जिसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा दल गठित किया जाएगा। जिसमें गांव के गुरूजी, सरपंच, पंच, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वनरक्षक, ग्राम स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी, संबंधित ग्रामों के थानेदार, तहसीलदार या नायब तहसीलदार, सचिव पंचायत, ग्राम संस्कार के प्रतिनिधि, ग्राम के दो प्रतिष्ठित स्वयंसेवी व जिला विधि सहायता अधिकारी सदस्य होंगे। इनके द्वारा उक्त विवादों का निराकरण कराए जाने का प्रयास कराया जाएगा।

# विवाद-विहीन ग्राम योजना से जुड़ेगा ग्राम माधोपुर चक, ढोंगाचक व पाली, विधिक साक्षरता शिविर लगे




जागरण, गुना। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेश कुमार कोष्टा के निर्देश पर एक ही दिन में ग्राम माधौपुरचक, ढौंगाचक एवं पाली में नालसा आदिवासियों के अधिकारों का (आदिवासियों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं), योजना 2015 के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविरों को आयोजन किया गया। यह तीनों गांव अब विवाद विहीन ग्राम योजना से जुड़ेंगे।

विधिक साक्षरता शिविरों में अपर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एके मिश्र व जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा द्वारा ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, आदिवासियों के अधिकार, संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार व मौलिक कर्तव्य, मोटर व्हीकल एक्ट, शिक्षा का अधिकार आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपरोक्त तीनों ग्रामों को मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विवाद विहीन ग्राम योजना, 2000 से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रमेश डाबर, ग्राम पंचायत डुंगासरा के सरपंच प्रतिनिधि मुनेश धाकड़, सचिव सुरेश धाकड़, सहायक उपनिरीक्षक कृपाण सिंह यादव, रोजगार सहायता अधिकारी अशोक शिवहरे, प्रधान अध्यापक मांगीलाल कुशवाह, शांतिलाल यादव, पीएलव्ही हेमराज बैरागी सहित ग्राम माधौपुरचक, ढौंगाचक एवं पाली के ग्रामीणजन, शिक्षक आदि उपस्थित रहे। उन्हें इस मौके पर जरूरी कानूनी जानकारियां दी गई।

# थाने नहीं जाएंगे तीन गांव के लोग, गांव में ही सुलझाएंगे मामले

## माधौपुर चक, ढौंगाचक एवं पाली को विवाद विहीन ग्राम योजना से जोड़ने का लक्ष्य

रिपोर्टर ● मणिधारी टाइम्स, गुना

जिले के तीन गांव ऐसे होंगे, जो आने वाले समय में थाने या कोर्ट कचेरी के चक्कर नहीं लगाएंगे। बमोरी क्षेत्र के माधौपुर चक, ढौंगाचक और पाली गांव को विवाद विहीन ग्राम योजना से जोड़ने का लक्ष्य लिया है। इसके लिए बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया। दरअसल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आरके कोष्टा के निर्देश पर एक ही दिन में ग्राम माधौपुरचक, ढौंगाचक एवं पाली में आदिवासियों के अधिकारों का (आदिवासियों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविरों को आयोजन किया गया। इन षिविरों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एके मिश्र व जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा द्वारा ग्रामीणों को निशुल्क विधिक सहायता, आदिवासियों के अधिकार, संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार व मौलिक कर्तव्य, मोटर व्हीकल एक्ट, शिक्षा का अधिकार आदि विषयों पर जानकारी दी। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विवाद विहीन ग्राम योजना 2000 से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। इस दौरान रमेश डाबर, मुनेश धाकड़, सुरेश धाकड़, कृपाण सिंह यादव, अशोक शिवहरे, मांगीलाल कुशवाह, शांतिलाल यादव, हेमराज बैरागी आदि उपस्थित रहें।



### ये है विवाद विहीन ग्राम योजना 2020

इन तीनों गांवों में निवास कर रहे व्यक्तियों के मध्य कोई विवाद न हो तथा यदि हो तो विवाद को आपसी सूझ-बूझ, सुझाव व समझौते द्वारा निराकृत कराए जाने का प्रयास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित किए जाने वाले विधिक स्वयं सेवी दल द्वारा किया जाएगा। जिसमें गाँव के गुरूजी, सरपंच, पंच, पटवारी, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, वनरक्षक, ग्राम स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी, संबंधित ग्रामों के थानेदार, तहसीलदार या नायब तहसीलदार, सचिव पंचायत, ग्राम संरकार के प्रतिनिधि, ग्राम के दो प्रतिष्ठित स्वयंसेवी व जिला विधि सहायता अधिकारी सदस्य होंगें। इनके द्वारा उक्त विवादों का निराकरण कराए जाने का प्रयास कराया जाएगा।

# विधिक सहायता प्रकरणों की कॉज लिस्ट

समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा विधिक सहायता प्रकरणों के संबंध में कॉज लिस्ट प्रतिदिन तैयार की जाकर सूचना पटल पर चस्पा की जाती है, ताकि विधिक सेवा से संबंधित अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण उनके प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत हो सकें।

**Legal Aid Cause List, Indore Dated - 02.03.2021**

| S. No. | Name of the beneficiary | Case No. | Section | Court | Legal aid Counsel | DOH | Present Stage | NDOH |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुनील | 504 /19 | 307,294,506 B भादवि 25 आर्म्स एक्ट | Shri Ashutosh Shukla | श्री श्यामलाल यादव | 02-03-2021 | On Evidence | |
| 2 | जयेश | 2649/20 | 49A, 34 आबकारी अधि० | Shri Rakesh Kumar Patidar | श्रीमती शैली खत्री | 02-03-2021 | On Evidence | |
| 3 | उजमा फातिमा | MJCR/3677/2021 | घरेलु हिंसा अधिनियम २००५ | Sushri Anupriya P | श्री प्रभाष कुमार जैन | 02-03-2021 | report | |

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल
(निःशुल्क विधिक सहायता के प्रकरण)
Cause List - 02/03/2021

| क0 | नाम | विरूद्ध | अ0क0 | न्या0प्र0क0 | धारा | न्यायालय | अधिवक्ता | कार्यवाही विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गोकुल उईके पिता रामदास उईके निवासी जिला होशंगाबाद हाल नि0 अर्जुन नगर बैतूल | शासन | 4/20 | 4/20 | 457, 380 आईपीसी0 | मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बैतूल | श्री पंजाबराव पंवार | साक्ष्य के लिये |
| 2 | श्री राजा उर्फ किशोर प्रजापति पिता– तारन प्रजापति | शासन | 393 | | 363,323,376 आईपीसी0 | श्री अपर सत्र न्यायालय बैतूल | श्री राकेश पटेल | साक्ष्य के लिये |
| 3 | श्री वासु उर्फ वस्तुलाल पिता ब्रज गोंड निवासी सिमोरी थाना झल्लार | शासन | 144/2020 | RCT 89/2020 | 457,380 भादवि0 | मान0 मंजूषा तेकाम न्यायिक मजि0 प्रथम श्रेणी भैंसदेही | श्री महेन्दगिरी | आरोप तर्क |
| 4 | श्री आकाश उर्फ अक्कू पिता महेश बाघ नि0 कृष्णपुरा जिला बैतूल | शासन | 358/20 | 73/20 | 363,366,376 एन आईपीसी पाक्सो एक्ट | अपर जिला न्यायाधीश बैतूल | श्री रविकांत सावरकर | साक्ष्य के लिये |

# Training & Webinar

## Training of panel advocates and PLVs through online and offline mode provided by District Legal Services Authorities



DLSA BURHANPUR




DLSA DEWAS





DLSA NEEMUCH




DLSA HOSHANGABAD



DLSA MANDLESHWAR





DLSA DEWAS




DLSA GUNA

# सफलता की कहानियां

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल

(1) आदिवासी बाहुल्य ग्राम शाहपुर, तहसील जैतपुर, जिला शहडोल में विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल एवं उससे संबद्ध उसी समुदाय के पैरालीगल वालेंटियर श्री अखिलेश सिंह के प्रयासों से विधवा पुनर्विवाह का नवाचार उस समुदाय में प्रारंभ करते हुए एक विधवा महिला शांति सिंह और एक विधुर पुरूष राकेश सिंह कंवर का पुनर्विवाह उनके घर वालों की सहमति से कराया जाना सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में साथ में जीवन व्यतीत करने लगे हैं और सामुदायिक रीति–रिवाज से वैवाहिक कार्यक्रम शीघ्र सम्पन्न कराया जायेगा। इस प्रयास से सामुदाय के विधवा स्त्रियों के सामाजिक स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी।



(2) जिला शहडोल अंतर्गत ग्राम–मेहरौड़ी की समस्या ज्ञात होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीएलव्ही श्री रमेश प्रकाश पाण्डेय को सर्वे कर समस्याओं को चिन्हित करने हेतु जिला प्राधिकरण शहडोल द्वारा निर्देशित किया गया। जिस पर उनके द्वारा दिनांक 07.07.2020 को प्रतिवेदन देते हुए मुख्यतः शहर तक सड़क की आवश्यकता एवं राशन दुकान दूर होने की सामूहिक समस्या आई । इन समस्याओं के संबंध में कलेक्टर से मीटिंग कर चर्चा की गई और उन्हें अवगत कराया गया जिसपर उनके द्वारा सक्षम प्राधिकारियों के माध्यम से समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। सतत् समन्वय से ग्राम मेहरोड़ी से मुख्य मार्ग तक पहुंच के लिए सड़क निर्माण की कार्यवाही इस माह पंचायत द्वारा शुरू कर दी गई है।



## DLSA ANUPPUR





On 15-02-2021, legal literacy camp was organized in village Amarkantak under NALSA (Legal services for mentally ill and disabled persons) Scheme. The attendees were made aware of the law related to Mental health act, protection & Defense available to mentally i'll person under various law. Along with this, people were made aware about general law, victim compensation scheme, public utility Lok Adalat, free and competent legal assistance.

A homeless mental ill woman was walking near the temple in dirty clothes, she was rescued to the hospital with the help of plvs and police. She is undergoing treatment, her condition is better than before.

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा

ग्राम खैगांव तहसील पुनासा जिला खण्डवा की 26 वर्षीय महिला द्वारा अपने परिवार तथा बच्चे के साथ रहने हेतु जिला प्राधिकरण खण्डवा में दिनांक 15.02.2021 को आवेदन प्रस्तुत किया। उक्त आवेदन में व्यक्त किया कि उसके विवाह को लगभग 07 वर्ष हो चुके है। सास–ससुर दोनों शासकीय सेवा में है एवं पति प्रायवेट नौकरी में है। उसका एक बेटा है जो कि साढ़े पांच वर्ष का है। विवाह के बाद सब ठीक–ठाक चल रहा था लेकिन पिछले कुछ माह से पति शराब का सेवन करने लगे थे, इस बात से घर में आये दिन विवाद एवं छोटी–छोटी बातों पर लड़ाई झगड़ा होने लगा पत्नि द्वारा पति को शराब के सेवन से रोकने के लिए कई प्रयास किये गये किन्तु पति के व्यवहार में परिवर्तन नही आया तथा पति द्वारा पत्नि पर अनावश्यक शंका करने से विवाद और बढ़ गया एवं उक्त महिला मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर ससुराल छोड़कर मायके चली गई। किन्तु महिला अपना परिवार तोडना नहीं चाहती थी एवं पत्नि के रूप में पति के साथ ही रहना चाहती थी लेकिन पति झुकने को भी तैयार नही था।



जिला प्राधिकरण द्वारा दोनों पति पत्नि की कई बार काउंसलिंग की गई। काउंसलिग में पति द्वारा शराब छोड़ने एवं शंका नही करने का भरोसा दिया गया तथा पत्नि और बच्चे को प्यप्ति समय देने व हमेशा साथ में रखने का प्रण किया, जिस पर पत्नि भी मान गई और अपने पति के साथ ससुराल जाने को तैयार हो गई। इस प्रकार जिला प्राधिकरण के प्रयास से एक परिवार टूटने से बच गया।

# Glimpses of Legal Awareness Programmes



DLSA BURHANPUR




DLSA GUNA



DLSA SEONI



DLSA BARWANI




DLSA RATLAM



DLSA SINGRAULI



विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत स्वामी विवेकानंद कॉलेज व शास.उमावि में लगा जागरूकता शिविर

छात्रों की फिजिकल एक्टिविटी में सुधार करना आवश्यक है: हिदायत उल्लाह

घरेलू हिंसा अधिनियम,लैंगिक दुर्व्यवहार व पाक्सो एक्ट पर आयोजित जागरूकता शिविर का आयोजन

बिना लक्ष्य के व्यक्ति जीवन में कुछ नहीं कर सकता

स्वामी विवेकानंद कॉलेज, पाटनदेव स्कूल में लगा जागरूकता शिविर

Date: 04/02/2021, Page: 2, City: Bhopal
URL: epaper.rashtriyahindimail.in

'छात्रों की आदतों और व्यवहार में आया बड़ा बदलाव'

विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

ग्राम पंचायतों … प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन पर प्रमाण पत्र वितरित

जीवन सर्वश्रेष्ठ नागरिक के रूप में बिताएं: सक्सेना

मॉडल स्कूल में हुआ विधिक साक्षरता शिविर

# Resolution of Complaint Received Through Legal Aid Helpline- 15100

| Legal Issues | Non Legal Issues |
| --- | --- |
| 15 | 2 |

-----XXX-----

न्याय सब के लिए

ACCESS TO JUSTICE FOR ALL